Pradhan Mantri ScHools for Rising India

# PM SHRI

Creating holistic and well-rounded individuals equipped with key 21st Century skills





# समर कैंप — 2024

## पीएम श्री विद्यालय - मध्यप्रदेश
## लोक शिक्षण संचालनालय - भोपाल
## स्कूल शिक्षा विभाग - मध्यप्रदेश शासन

**सहयोग**

**पीरामल  फ़ाउंडेशन -मध्यप्रदेश**

# अनुक्रमणिका


1 आमुख ( 3-4)

2 पृष्ठभूमि ( 5 )

3 समर कैंप का आयोजन (6 )

4 समर कैंप का उद्देश्य ( 6 )

5 समर कैंप की चरणबद्ध प्रक्रिया (7-8 )

6 समर कैंप की सफलता और परिणाम (9 )

7 निष्कर्ष ( 10 )

8 कुछ झलकियाँ ( 11-17)

# आमुख






मनीषा सेंतिया
अपर परियोजना संचालक,
समग्र शिक्षा, सेकेण्डरी एजुकेशन
भोपाल, मध्यप्रदेश

संदेश

पीएमश्री योजना के तहत ग्रीष्मकालीन शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को योग, खेल, कला, शिल्प, ड्राइंग, व्यक्तित्व विकास, नाटक और नृत्य प्रोजेक्ट जैसी गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मकता, तार्किकता, सहभागिता, समस्या समाधान एवं संवेदनशीलता जैसे विभिन्न जीवन कौशलों एवं छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और जीवन में महत्वपूर्ण कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान किया गया है।

ग्रीष्मकालीन शिविर के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा समर्पित भाव से किया गया कार्य एवं प्रयास सराहनीय है। आप सभी के योगदान, समर्पण और प्रयासों के लिए बधाई एवं धन्यवाद।



# आमुख

राजीव सिंह तोमर
अपर संचालक, लोक शिक्षण
भोपाल, मध्यप्रदेश

संदेश



यह अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि पीएमश्री विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर का सफल क्रियान्वयन किया गया। इस शिविर में लगभग 7500 विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। ग्रीष्मकालीन शिविर की योजना विद्यार्थियों के विकास के विभिन्न पहलूओं को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई थी जिसके 5 प्रमुख आयाम थे:

- योग और खेल: विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विश्राम और खेल की भावनाओं को बढ़ावा देना।
- कला और शिल्प, ड्राइंग एवं पेंटिंग: रचनात्मकता को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को विविध कलात्मक माध्यमों के माध्यम से खुद को व्यक्त करने का मौका देना।
- नृत्य, नाटक और संगीत: विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं के बारे में प्रोत्साहित करना।
- आत्म विश्वास, नेतृत्व गुणों और प्रभावी संचार कौशल: विद्यार्थियों में आत्म विश्वास, नेतृत्व गुणों और प्रभावी संचार कौशल के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करने हेतु बढ़ावा देना।
- परियोजना आधारित अधिगम: विद्यार्थियों को एक समग्र और समृद्ध अनुभव प्रदान करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है।

भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए उनका उत्साह ही इस ग्रीष्मकालीन शिविर की सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति रहा है। मैं इस ग्रीष्मकालीन शिविर को सफल बनाने में अथक समर्पण और कड़ी मेहनत करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों और आयोजकों का आभार व्यक्त करता हूँ।

# पृष्ठभूमि



ग्रीष्मकालीन अवकाश विद्यार्थियों के लिए वह समय है जब वे पढ़ाई, स्कूल और किताबों के बोझ से हटकर अन्य गतिविधियों में भाग लेते हैं। यह समय विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सृजनशीलता और कला कौशल के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी होता है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित समर कैंप विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के साथ-साथ 21वीं सदी के विभिन्न कौशल जैसे टीमवर्क, समस्या समाधान, आपसी सामंजस्य और तार्किकता के विकास का अवसर भी प्रदान करता है। उपरोक्त संदर्भ को ध्यान में रखते हुए, विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों के लिए समर कैंप का आयोजन एक प्रभावी प्रक्रिया के रूप में प्रकट होता है।





# समर कैंप.....

## आयोजन

मध्यप्रदेश के अनुपपुर, अलिराजपुर, भोपाल, छिंदवाड़ा, डिंडोरी, जबलपुर, मंडला, नर्मदापुरम, इंदौर और खरगोन जिलों के 86 पीएम श्री विद्यालयों में श्रीमती रश्मि अरुण शमी प्रमुख सचिव ,स्कूल शिक्षा मध्यप्रदेश के मार्गदर्शन एवं श्रीमती शिल्पा गुप्ता आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय के दिशानिर्देश व श्री राजीव सिंह तोमर अपर संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश के नेतृत्व एवं पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। समर कैंप में बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

## उद्देश्य

समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को कला, खेल और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण (PBL) जैसी गतिविधियों के माध्यम से रोचक एवं ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करना है। यह प्रक्रिया बच्चों के लिए सीखने-सिखाने को मजेदार बनाती है और उन्हें अनुभव आधारित शिक्षण के माध्यम से 21वीं सदी के विभिन्न कौशल (4Cs) - संचार, सहयोग, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता - का विकास करने का अवसर प्रदान करती है।



# समर कैंप की चरणबद्ध प्रक्रिया

समर कैंप का आयोजन मध्य प्रदेश के 10 जिलों में निम्न प्रक्रिया के तहत किया गया:

- उन्मुखीकरण: सर्वप्रथम समर कैंप के आयोजन हेतु 10 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 1 घंटे का उन्मुखीकरण किया गया। इस उन्मुखीकरण में समर कैंप हेतु शिक्षकों का चयन, विद्यालय स्तर पर संसाधनों की उपलब्धता और विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार रोचक थीम्स का चयन पर चर्चा की गई।
- थीम चयन: थीम का चयन विद्यालय स्तर पर संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया गया। थीम का चयन इस प्रकार किया गया जो समावेशी हो और व्यापक स्तर पर सभी स्तर के विद्यार्थियों की रुचि को समाहित करें।
- सामुदायिक सहभागिता: सामुदायिक सहभागिता और सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली थीम्स का चयन किया गया। इसमें स्थानीय संगठन, विशेषज्ञ या समुदाय के सदस्य शामिल थे।




- विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन एवं पालक सहमति: समर कैंप में चयनित थीम्स में विद्यार्थियों का भाग लेना उनकी रुचि एवं स्वेच्छा के आधार पर किया गया। पालक सहमति पत्र भरवाया गया।
- थीम्स: निम्न थीम्स पर समर कैंप का आयोजन किया गया: योग और खेल, कला और शिल्प, ड्राइंग और पेंटिंग, नृत्य और नाटक, संगीत, व्यक्तित्व विकास, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा।

# समर कैंप की चरणबद्ध प्रक्रिया

विद्यालय स्तर पर समर कैंप हेतु टीम का चयन

- कैंप संबंधित सभी दिशानिर्देश पर कार्य करने के लिए नोडल का चयन।
- मीडिया कवरेज एवं जागरूकता अभियान के लिए टीम में सदस्य का चुनाव।
- शिक्षक जो थीम आधारित गतिविधियों की योजना एवं क्रियान्वयन में विशेषज्ञ हों।

समर कैंप की जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- कैंप के प्रति जागरूकता एवं विद्यार्थियों में रुचि बढ़ाने के लिए समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान, बैनर, ब्रोशर, समुदाय में चर्चा, पीटीएम मीटिंग आदि के द्वारा किया गया।

- विद्यालय स्तर पर बजट, स्थान, संसाधन आदि की व्यवस्था
- विद्यालय के लिए बजट निर्धारित किया गया।
- जरूरत एवं उपलब्धता के अनुसार समर कैंप के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर एवं स्पेस की सुविधाओं को सुनिश्चित किया गया।
- साधन-संसाधन विद्यार्थियों को आसानी से उपलब्ध करवाया गया।
- सामग्री का उपयोग, वर्कशीट एवं रजिस्ट्रेशन फॉर्म की प्रिंटिंग की गई।




- विद्यालय स्तर पर समर कैंप का आयोजन
- विद्यालय स्तर पर कैंप का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में 56 विद्यालयों ने 1 मई 2024 से 15 मई 2024 तक और द्वितीय चरण में 30 विद्यालयों ने 16 मई 2024 से 30 मई 2024 तक समर कैंप का आयोजन किया गया। समय सुबह 8 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया।


# समर कैंप की सफलता और परिणाम

- समर कैंप से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई चीजें सीखने का आनंद लिया। इस कैंप ने बच्चों के कौशलों में उल्लेखनीय वृद्धि की और उन्हें समग्र विकास का अवसर प्रदान किया।

| जिले का नाम | विद्यालयों की संख्या | प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों की संख्या | छात्रो की संख्या |
|---|---|---|---|
| ALIRAJPUR | 5 | 15 | 349 |
| ANUPPUR | 6 | 40 | 362 |
| BHOPAL | 4 | 48 | 414 |
| CHHINDWARA | 15 | 136 | 1378 |
| DINDORI | 7 | 22 | 426 |
| HOSHANGABAD | 10 | 33 | 399 |
| INDORE | 10 | 61 | 1045 |
| JABALPUR | 11 | 127 | 1241 |
| KHARGONE | 9 | 50 | 1259 |
| MANDLA | 9 | 43 | 627 |
| **कुल** | **86** | **575** | **7500** |

**थीम्स के अनुसार प्रतिभाग करने वाले छात्रो की संख्या**

| थीम्स | छात्रो की संख्या |
|---|---|
| कला और शिल्प और ड्राइंग और पेंटिंग | 2813 |
| नृत्य और नाटक और संगीत | 921 |
| व्यक्तित्व विकास | 350 |
| प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा | 560 |
| योग और खेल | 2856 |
| **कुल** | **7500** |



# समर कैंप पर शिक्षकों के विचार....

सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने गूगल फॉर्म के माध्यम से समर कैंप पर बच्चों एवं अपने विचार व्यक्त किए हैं, जो इस प्रकार हैं:

- समर कैंप का आयोजन शासन की सराहनीय पहल रही। पालकों ने इसे पसंद किया। सभी शिक्षकों और बच्चों ने समर कैंप का आनंद लिया।
- बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ सीखने का मौका मिला। हर वर्ष समर कैंप होना चाहिए।
- समर कैंप ने विद्यार्थियों में 21वीं सदी के कौशलों (4Cs) को विकसित करने में सफलता पाई।
- समर कैंप के माध्यम से बच्चों ने पारंपरिक पढ़ाई के तरीके से हटकर कुछ नया सीखा।
- यह कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है।



# निष्कर्ष ...

समर कैंप का आयोजन एक सफल और प्रभावी प्रक्रिया साबित हुआ, जिसने विद्यार्थियों को उनके ग्रीष्मकालीन अवकाश का उपयोग करते हुए विभिन्न रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया। यह आयोजन बच्चों के शारीरिक, मानसिक और कौशल विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हुआ। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन जारी रखने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों का समग्र विकास हो सके और वे 21वीं सदी के कौशलों से लैस हो सकें।



# मीडिया कवरेज

1

पत्रिका

## समरकैंप का हुआ समापन



रगोन. पीएम श्री विद्यालय रणगांव समर कैंप का समापन बुधवार को आ। 15 दिनों में बच्चों ने आहार, हार के साथ आदर्श दिनचर्या, ह्म मुहूर्त में जागरण की बातें खी। बच्चो ने प्रतिदिन योग, णायाम में अनुलोम विलोम, पाल भाती, भ्रामरी प्राणायाम खा। आसनों में ताड़ासन, क्षासन, अर्धचंद्रासन सीखा। योग शिक्षक खेमराज पटेल प्रथम सत्र में सुबह 7 से 8 बजे तक योग प्राणायाम सिखाया और बच्चों को कहा जीवन मे अपने माता पिता की सेवा व आज्ञा पालन, बड़ों का सम्मान व प्रकृति की रक्षा के लिए पौधा रौपण जरूर करें। इस दौरान प्रधान पाठक मुकेश पुलोरिया, शिक्षक कैलाश सांवले, जगदीश पाटीदार, हरीओम पटेल, प्रताप आंवले मौजूद थे।

16/05/2024 | khargon | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

पीएम श्री स्कूल – खरगोन न्यूज़

2

www.swatantramat.com

स्वतंत्र मत

डाक/नगर संस्करण ■ जबलपुर सोमवार 13 मई 2024



## बिलगांव हाईस्कूल में समर कैंप आयोजित

मण्डला(स्वतंत्र मत)

छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास बच्चो में रचनात्मक एवं सृजनशीलता एवं कला जैसे कौशल के विकास को बढ़ावा देने की कड़ी में पीएम शासकीय हाईस्कूल बिलगांव में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक योगासन, चित्रकला, कंप्यूटर ड्राईंग, पेंटिंग, रंगोली आउटडोर गेम्स नृत्य एवं आत्मरक्षा जैसे विधाओं के विषय में सूक्ष्म जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थीओं में सामाजिक समरसता विकसित करने एवं भेदभाव रहित सामाजिक वातावरण तैयार करने के लिए विभिन्न सामूहिक गतिविधियां भी आयोजित की गई। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन पिरामल फाउण्डेशन के राज्य स्तर से नियुक्त जिला समन्वयक गांधी फेलों प्रवीण देशमुख के सहयोग संस्था प्रभारी फूलचंद नंदा के कुशल नेतृत्व एवं शाला के सभी शिक्षकों की सहभागिता से कार्यक्रम संपन्न हुआ। छात्रों को उचित दिशा-निर्देश देने के लिए संगीत में वीरेन्द्र पटेल, कंप्यूटर में नवनीत यादव, खेलकूद में शंभू प्रसाद भांवरे, रंगोली चित्रकला तथा पोस्टर में कु. पूजा भांवरे का योगदान रहा। इस कार्यक्रम के समापन में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए क्रियाकलापों की प्रदर्शनी लगाई गई। तथा छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बिलगांव सरपंच लमतु सिंह धुर्वे व ग्रामीणजन के साथ शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बिलगांव पीएम श्री स्कूल समर कैंप न्यूज़

3

## बच्चों के कौशल को मिल रही है सही दिशा

### पीएम श्री एमएलबी स्कूल गर्ल्स बरखेड़ा भेल भोपाल में चल रहे समर कैंप का हुआ रंगारंग समापन





पीएम श्री शासकीय एमएलबी कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय बरखेड़ा भेल भोपाल में इस समय समर कैंप के माध्यम से विभिन्न रोचक गतिविधियों का विगत 1 मई से लगातार आयोजन किया जा रहा था इसमें प्रतिदिन विषय विशेषज्ञों के द्वारा नृत्य आर्ट एंड क्राफ्ट पेंटिंग चित्रकला योग मेडिटेशन खेल थीम्स में विद्यार्थियों का चयन किया गया तथा उनको इन कलाओं की बारीकी से दिग्दर्शन करते हुए उनकी छुपी हुई प्रतिभाओं को तराशने का काम किया गया ,आज की तेजी से बदलती हुई दुनिया में केवल विषय का ज्ञान एवं पारंपरिक कौशल के अलावा 21वीं सदी के इस योग्यताओं की जरूरत महसूस की जा रही है अतः समय के अनुसार समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों को रचनात्मक सृजनशीलता संचार अनुकूलता कला कौशलों का विकास एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करना समर कैंप का प्रमुख उद्देश्य है यह समर कैंप मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग से श्री आर ऐस तोमर अपर संचालक के निगरानी में पिरामिल फाउंडेशन के सहयोग से संस्था की प्राचार्य श्रीमती स्मिता मेश्राम के मार्गदर्शन में प्रभारी डॉक्टर जितेंद्र पाल सिंह चौहान के देख रेख में संचालित किया गया ,जिसमें आर्ट और क्राफ्ट विशेषज्ञ श्रीमती भोमेश्वरी सारथी ,नृत्य ,कुमारी ज्योति ,पेंटिंग ,अली आरिफ़ ,योग एंड मेडिटेशन ,खेल ,डॉक्टर जितेंद्र चौहान द्वारा विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया गया समर कैंप का समापन समारोह 15 मई को मुख्य अतिथि डॉ. महेश जी जैन उप संचालक लोक शिक्षण की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ ,इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा समर कैम्प में किए हुए कार्यों की प्रदर्शनी एवं विभिन्न रोचक नृत्य की प्रस्तुतियां दी इस अवसर पर एपीसी श्री विनोद गुप्ता ,पिरामिल फाउंडेशन से सुश्री स्वाति मैडम ,श्री तन्मय सर ने डॉ महेश जैन सर के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्राओं से विस्तार से चर्चा की ,सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए इस अवसर पर श्री जैन सर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीयशिक्षा नीति 2020के तहत बच्चों में गतिविधि आधारित शिक्षण पर ज़ोर दिया गया है जिसके तहत ही इस समर कैम्प का आयोजन किया गया है उन्होंने विद्यार्थियों को इसमें और अधिक उत्साह के साथ हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया और प्रदर्शनी में मेहनत करने वाले की सराहना की ,अंत में संस्था प्राचार्य श्रीमती स्मिता मेशराम ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन डॉ जितेंद्र पाल सिंह चौहान ने किया इस अवसर पर शाला परिवार से श्री राकेश राजोरिया ,श्री संतोष सोनी ,श्री गोविंद सिसवाट भी मौजूद रहे

पीएम श्री स्कूल एम एल बी भोपाल समर कैंप न्यूज़

# मीडिया कवरेज

1



**पी.एम.श्री शासकीय अरविंद भार्गव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हर्राखेड़ा में समर कैंप का हुआ समापन**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान राजू मेहरा भोपाल.9425727854

बैरसिया।। पी.एम.श्री शासकीय अरविंद भार्गव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हर्राखेडा में पीएम श्री योजना के अंतर्गत 10 मई से प्रारंभ होकर 22 मई को समर कैंप का समापन हुआ कैंप के समापन में प्राचार्य श्रीमती सिरंजीत कौर सम. एम.फैसल मोहन शर्मा ओ.पी.भाट अजय शर्मा ने सर्वप्रथम सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की इसके बाद बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई एवं श्री सम. एम.फैसल सर द्वारा छात्र-छात्राओं ने जो समर कैंप में सीखी विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला जैसे कि योग एवं व्यायाम, बेसिक कंप्यूटर, आर्ट एवं क्राफ्ट, मेहंदी,रंगोली नृत्य का प्रशिक्षण प्रशिक्षक पुष्पा सरैया, अभिलाषा विश्वकर्मा,सपना नागर द्वारा दिया गया एवं सभी उपस्थित शिक्षकों ने सभी को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए।

पीएम श्री स्कूल हर्राखेड़ा भोपाल न्यूज़

3

2024 केसरिया हिन्दुस्तान



**शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया मे समर कैम्प का हुआ समापन समारोह**

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग

ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया।।शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या उमावि बैरसिया के वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि पीएम श्री योजना अन्तर्गत दिनांक 01म ई 2024 सेशासन के निदेशानुसार समर कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित किए गए समर कैम्प की मानिटरिग प्राचार्य श्रीमती गीता जोशी ने शतत करतीं रही।समर कैम्प का समापन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एसडीम श्री आषुतोष जी गोस्वामी, अध्यक्षता विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कीर्ति नंदिनी सक्सेना, विशेष अतिथि श्रीमती गीता जोशी प्राचार्य मचासीन थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती गीता जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि समर कैंप में संगीत,योग एवं व्यायाम, खेल,आट एवं क्राफ्ट, एरोबिक्स एवं जुमबा का प्रशिक्षण शिक्षकों के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीम सर एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कीर्ति नंदिनी सक्सेना ने क्षात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला एवं खेल प्रभारी सुरेश कुमार अहिरवार के द्वारा किया गया।इस अवसर पर सभी प्रशिक्षक श्रीमती किरण निखोरिया, राजेन्द्र कुशवाह, प्रियंका ठाकुर, निधि श्रीवास्तव, रागिनी पटेरिया,योग प्रमुख मदन गोपाल नामदेव, मुस्कान सेन, श्रीमती रचना ठाकुर, तिलकना पवार, समीक्षा भार्गव, श्रीमती रमा दांगी, सुनील गुप्ता, विनोद साहू, सावित्री विश्व कमा, रुखसाना सुल्तान, शिशुपाल राजपूत, सोहेल सिद्दकी, एम् एस ठाकुर एवं स्टाफ के सभी शिक्षक एवं क्षात्राए उपस्थित थी।

पीएम श्री स्कूल उमावि बैरसिया भोपाल न्यूज़

2

**पीएम श्री स्कूल में आयोजित हुआ समर कैंप**

दिव्य एक्सप्रेस, मैनीखापा।

मध्य प्रदेश शासन और जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा की आदेश अनुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाठई पांढुरना में समर कैंप 1 मई 2024 से 15 मई 2024 तक के लिए खेल,चित्रकला, पेंटिंग आदि गति विद्या आयोजित की जा रही है।

इसमें संस्था के प्राचार्य जे एस उइके के द्वारा संस्था के समस्त शिक्षकों को जिम्मेदारीयां सोपी गई। जिसमें देवीलाल उईके एवं सहनलाल धुर्वे नोडल शिक्षक नियुक्त करते हुए ,अन्य शिक्षकों को प्रतिदिन की गतिविधि हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें श्रीमती विनीता इवनाती, व्ही आर साहू, शिवशंकर नाग, दयाराम धुर्वे, कमलेश नागवंशी, रामलाल लांजीवार है। छात्र हित में सदैव कार्य करने वाले सेवानिवृत शिक्षक



उपस्थित होकर सभी गतिविधियों में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जो एक मिशाल है। गतिविधियां का आयोजन छात्र/छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास की दृष्टि से किया जा रहा है।

**आदित्य ने मारी बाजी**

चौरई।



सीबीएसई के कक्षा दसवीं एंव बारहवीं के परिणाम घोषित किये गये जिसमे। केंद्रीय विद्यालय चौरई में कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत आदित्य डेहरिया ने अर्जित कर परीक्षा उतीर्ण की है। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने मम्मी-पापा सहित केंद्रीय विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। आदित्य डेहरिया चौरई निवासी शिक्षक देवकराम डेहरिया के सुपुत्र है। उन्होंने पत्र की इस सफलता के

**चौरई के पार्थ शर्मा ने बनाए 12वीं में 94 प्रतिशत**

चौरई निवासी अरुण शर्मा के पुत्र पार्थ शर्मा ने 12 वी में 94त्न हासिल किए है 18 वर्ष के पार्थ शर्मा बाल्यकाल से ही कुशाग्र बुद्धि का रहा है माता स्मिता शर्मा गृहिणी है डी पी एस स्कूल छिंदवाड़ा में अध्ययनरत पार्थ शर्मा ने अव्वल आने का पूरा श्रेय अपने गुरुजनों को दिया है सभी गुरुजनों ने पार्थ को बधाईयां एवम् शुभकामनाए दी साथ ही उज्वल भविष्य की कामना की।

पीएम श्री स्कूल पाठई पंढूरना भोपाल न्यूज़


PSLV
INDIA




मानक क्लब - STANDARDS CLUB
भारतीय मानक ब्यूरो
SHRI
बैरसिया जिला भोपाल
WELCOME

# Art and craft












श्री शासकीय
लक्ष्मी बाई
उच्चतर
बरखेड़ा


ORIGAMI








SHINE
CAT